NT>

Title: Need to open a C.G.H.S. Dispensary at Ghaziabad, U.P.

डा.रमेश चन्द तोमर (हापुड़): अध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र में रह रहे केन्द्र सरकार के हज़ारों वर्तमान एवं पूर्व कर्मचारियों की एक गंभीर समस्या की ओर केन्द्र सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। गाजियाबाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के निकट होने के कारण यहां पर बहुत बड़ी संख्या में केन्द्र सरकार के कर्मचारी रहते हैं और प्रतिदिन दिल्ली आते-जाते हैं। इसमे पूर्व कर्मचारी भी बहुत अधिक संख्या में रहते हैं। लेकिन इन लोगों के लिये सी.जी.एच.एस डिस्पेंसरी की पूरी व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण इन्हें निजी डाक्टरों के पास जाना पड़ता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सरकार यहां पर कर्मचारियों की गंभीर समस्या को देखते हुये सी.जी.एच.एस डिस्पेंसरी खोलने की व्यवस्था करें।